प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रदेश में लोगों की एलपीजी पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से सरकार सिटी गैस डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क को देगी बढ़वा।
- बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा—बेमौसमी बारिश व बर्फबारी से बागवानी क्षेत्र में गुठलीदार फलों को हुए नुकसान का सरकार जल्द करेगी आकलन।
- प्रदेश सरकार ने छात्रों के शून्य नामांकन वाले 24 प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल किए बंद।
- युवाओं को नशे की प्रवृति से बचाने के लिए कांगड़ा जिले में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन जारी, शिक्षण संस्थानों पर रहेगा विशेष फोकस।

एलपीजी

प्रदेश में लोगों की एलपीजी पर निर्भरता कम करने के लिए राज्य सरकार सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को बढ़ावा देगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव खाद्य एवं आपूर्ति आरडी नजीम ने इस संबंध में आयोजित एक समीक्षा बैठक में कहा कि सीजीडी नेटवर्क भूमिगत पाईप लाईनों का आपस में जुड़ा तंत्र है जो घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों को सीधे प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करता है। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली एलपीजी के मुकाबले स्वच्छ, सुरक्षित और किफायती विकल्प प्रदान करती है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि इस दिशा में ऊना जिले में करीब 13 हजार घरों तक पाईप लाईन बिछाई जा चुकी है जिसमें लगभग 6 हजार उपभोक्ता वर्तमान में प्राकृतिक गैस का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि सीजीडी कंपनियों को नेटवर्क विस्तार में कुछ चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है लेकिन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार ने मार्च में एक अधिसूचना जारी कर हिमाचल प्रदेश भूमि सुधार अधिनियम की धारा 118 के तहत भूमि खरीद प्रकिया को सरल बनाया है। बैठक के दौरान उन्होंने अंडर ग्राउंड गैस पाईप लाईन बिछाने से जुड़ी समस्याओं के समाधान के संबंधित विभाग व एजेंसियों को निर्देश भी दिए।

रेणूका बांध

राष्ट्रीय महत्व की रेणूकाजी बांध परियोजना के निर्माण को लेकर अब कवायद तेज हो गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व रेणूकाजी के विधायक विनय कुमार आज सुरंग के निर्माण का परियोजना स्थल पर भूमि पूजन करेंगे। दूसरी ओर परियोजना के प्रभावित विस्थापित परिवारों को भी बड़ी राहत मिली है और अब उन्हें 30 दिन के भीतर घर खाली करने के लिए हल्फनामा नहीं देना होगा।

गौरतलव है कि हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेश लिमिटिड के निदेशक ने इस शर्त को हटाने का आश्वासन दिया है। इस संबंध में रेणूकाजी बांध विस्थापित संघर्ष समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिमला में एच.पी.पी.सी.एल से मिला था।

बागवानी मंत्री

बागवानी व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि इस बार बेमौसमी बारिश और बर्फबारी से खासकर बागवानी क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचा है जिनमें विशेष रूप से गुठलीदार फल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मौसम सामान्य होने पर सरकार द्वारा नुकसान का आकलन किया जाएगा ताकि किसान बागवानों को राहत पहुंचाई जा सके। जगत सिंह नेगी ने किसान–बागवानों से फसल बीमा योजना का लाभ लेने की अपील करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से उनकी फसल को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए ये योजना महत्वपूर्ण विकल्प है।

सीआरपीएफ शौर्य दिवस

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीआरपीएफ शौर्य दिवस के अवसर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में गृह मंत्री ने कहा कि 1965 में इसी दिन, सीआरपीएफ के निडर योद्धा कच्छ के रण स्थित सरदार पोस्ट पर एक अटूट दीवार की तरह खड़े रहे और दुश्मन के आक्रमण को विफल करते हुए भारत के इतिहास में वीरता का एक गौरवशाली अध्याय लिखा।

स्कूल बंद

सरकार ने छात्रों के शून्य नामांकन वाले 24 प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल बंद कर दिए है। नए शैक्षणिक सत्र के दौरान बंद किए गए इन स्कूलों में दाखिले नहीं बढने पर शिक्षा विभाग ने स्कूलों को डिनोटिफाई कर दिया है। इसमें शिमला जिला के सबसे ज्यादा 16, लाहौल स्पीति के 4, सिरमौर मे 3, और सोलन का एक स्कूल बंद किया है। इन स्कूलों में कार्यरत स्टाफ को अब अन्य स्कूलों में स्थानांतरित किया जाएगा।

ज्योतिर्लिंग दर्शन

राजधानी शिमला में आज से श्रद्धालुओं के लिए पवित्र सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के मूल स्वरूप के दर्शन करने का अवसर प्राप्त होगा। ये कार्यक्रम आर्ट ऑफ लीविंग संस्था की ओर से शाम चार से आठ बजे तक आयोजित होंगे। यह आध्यात्मिक यात्रा बंगलुरू स्थित आर्ट ऑफ लीविंग आश्रम से एक अप्रैल से 10 अप्रैल तक विभिन्न जिलों में संचालित हो रही है। विस्तृत ब्यौरे के साथ समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी....

शिमला में आज श्रद्धालुओं के लिए सोमनाथ मूल ज्योतिर्लिंग दर्शन में करीब एक हजार साल पुराने दिव्य स्वरूप के दर्शन का अदभुत अनुभव मिलेगा। इस दौरान पूजा, आध्यात्मिक सतसंग आयोजित होगा। आर्ट ऑफ लीविंग संस्था की राज्य मीडिया प्रभारी तृप्ता शर्मा ने कहा कि यह यात्रा चंबा से शुरू होकर आज नौवें दिन शिमला पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा के उद्देश्य समाज में शांति, सदभाव व सांस्कृतिक एकता का संदेश प्रसारित करना है। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साधक व स्वयंसेवक भाग लेकर भक्ति और सेवा का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। प्रादेशिक समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं पूनम भारद्वाज।

नशा जागरूकता

युवाओं को नशे की बढ़ती प्रवृति से बचाने के लिए प्रदेशभर में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी कड़ी में कांगड़ा जिला के शैक्षणिक संस्थानों पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और इसके लिए गठित प्रहरी क्लबों के माध्यमों से विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे जिला संवाददाता....

विश्व बैंक–भारत

विश्व बैंक ने मजबूत घरेलू मांग और मुक्त व्यापार समझौतों के कारण मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए भारत में विकास दर का पूर्वानुमान छह दशमलव तीन प्रतिशत से बढ़ाकर छह दशमलव छह प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक ने उम्मीद जताई है कि दक्षिण एशिया में भारत विकास का प्रमुख इंजन बना रहेगा। मजबूत घरेलू मांग और निर्यात लचीलेपन के कारण भारत में विकास दर वित्त वर्ष 2025 के सात दशमलव एक प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 में सात दशमलव छह प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। कम मुद्रा स्फीति और वस्तु तथा सेवा कर के युक्तिकरण के कारण निजी उपभोग वृद्धि विशेष रूप से सुदृढ़ रही है।

मौसम

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश बर्फबारी के बाद आज अधिकतर स्थानों पर मौसम साफ बना हुआ है और दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। मौसम विभाग ने आज चंबा, कांगडा, कुल्लू, मंडी, शिमला और सोलन जिला को छोड शेष सभी जगह मौसम के साफ रहने का पूर्वानुमान जारी किया है। इस बीच इन जिलों में कहीं कहीं पर बारिश की संभावना जताई गई है। कल से मौसम अगले तीन दिनों तक सभी जगह साफ रहेगा।

एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

मौसम से जुड़ी खबर आज समाचार पत्रों में प्रमुखता लिए हुए है। दैनिक जागरण की सुर्खी है सेब पर ओले, गेहूं पर वर्षा व तूफान की मार। दैनिक भास्कर का शीर्षक है भूमध्य, कैस्पियन सागर से नमी वाले बादलों के कारण प्रदेश में हो रही बर्फबारी व बारिश। अमर उजाला के अनुसार अप्रैल में बर्फबारी से शिमला समेत कई इलाके ठंड से कांपे, शिमला में देर रात भारी ओलावृष्टि।

मुख्यमंत्री के हवाले से पंजाब केसरी और दिव्य हिमाचल ने सुर्खी दी है मैडिकल कॉलेजों में बढ़ेंगे 3 सौ 14 पीजी सीटें, डॉक्टरों की रिटायरमेंट एज अब 65 वर्ष।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है प्रदेश में 20 मई के आसपास तीन चरणों में होंगे पंचायत चुनाव।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश में लोगों की एलपीजी पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से सरकार सिटी गैस डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क को देगी बढ़वा।

- बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा–बेमौसमी बारिश व बर्फबारी से बागवानी क्षेत्र में गुठलीदार फलों को हुए नुकसान का सरकार जल्द करेगी आकलन।

- प्रदेश सरकार ने छात्रों के शून्य नामांकन वाले 24 प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल किए बंद।

- युवाओं को नशे की प्रवृति से बचाने के लिए कांगड़ा जिले में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन जारी, शिक्षण संस्थानों पर रहेगा विशेष फोकस।